Session : 8
Date : 17-08-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title : Need to expedite the construction work of NH 30 between Patna and Aara.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, बिहार में एन.एच. 30 बख्तियारपुर से मोहनिया पथ एन.एच.ए.आई. प्रथम चरण में निर्माण होने वाला था। प्रथम चरण में प्रस्तावित सभी राट्रीय राजमार्गों को दिसम्बर, 2004 में ही पूरा कर लेने की समय सीमा निर्धारित की गई थी। लेकिन एन.एच. 30 में अभी तक बख्तियारपुर से पटना जीरो माइल (बेउर जेल तक और मोहनिया) से आरा जीरो माइल तक ही कार्य हो पाया है। शो पथांश बेउर मोड़ पटना से आरा जीरो माइल तक पथ का निर्माण कार्य आज तक नहीं कराया गया। इस कारण से मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता में काफी रोा है। साथ ही साथ इस रोड को पूरा हो जाने से पटना, जो बिहार की राजधानी है, उससे सम्पर्क पथ तैयार हो जाएगा। इस पथांश का सर्वेक्षण नक्शा तैयार है एवं मिट्टी जांच कर ली गई है। सोन नदी पर पुल बनाने की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है, किन्तु पथ निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है। पूरे देश में अभी दूसरे और तीसरे चरण का कार्य प्रारम्भ है। चौथा चरण शुरू होने वाला है, किन्तु बिहार में प्रथम चरण भी नहीं शुरू हो रहा है।

अतः मैं सदन के माध्यम से माननीय सड़क परिवहन एवं जहाजरानी मंत्री जी का इस ओर ध्यान आकृट करना चाहता हूं कि एन.एच. 30 के पथांश पटना से आरा जीरो माइल तक का कार्य अविलम्ब प्रारम्भ करने के लिए एन.एच.ए.आई. को निर्देश देने का कट करें।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Kamla Prasad Rawat – not present.

Shri Sadashivrao D. Mandlik – not present.